**104.** निम्नलिखित में से कौन सा दृष्टिकोण महबूब उल हक के अनुसार आर्थिक वृद्धि एवं मानव विकास के अन्तर को सही रूप में बताता है ?

(1) आर्थिक वृद्धि विशिष्ट रूप में केवल एक पसन्द (च्वाइस) - सकल घरेलू उत्पाद – की वृद्धि पर बल देती है, जबकि मानव विकास मनुष्य की सभी पसन्दों – आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक अथवा राजनीतिक के विस्तार पर बल देता है ।

(2) आर्थिक वृद्धि केवल एक पसन्द - आय - की वृद्धि पर केन्द्रित होती है, जबकि मानव विकास मनुष्य की सभी पसन्दों - आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक अथवा राजनीतिक के विस्तार पर बल देता है ।

(3) आर्थिक वृद्धि आधार संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चरल) के विस्तार पर केन्द्रित है जबकि मानव विकास बन्धुत्व पर बल देता है ।

(4) आर्थिक वृद्धि लालच व विस्तार को तार्किकता प्रदान करती है, जबकि मानव विकास सन्तुष्टि को प्राथमिकता देता है ।

105. Who has stated "Capitalism is a system that is based on the production and exchange of commodities in and through the market, a mode of production that has as its primary objectives not the satisfaction of human need but the realization of profit or capital accumulation" ?

(1) Max Weber
(2) Karl Marx
(3) Georg Simmel
(4) Bryan Turner

105. यह किनका मत है, "पूँजीवाद पण्य (कॅमोडिटीज) के उत्पादन एवं विनिमय पर आधारित एक व्यवस्था है जो बाज़ार में तथा बाज़ार के द्वारा सक्रिय होती है, यह एक उत्पादन प्रणाली (मोड ऑफ प्रोडक्शन) है जिसका मूल उद्देश्य मनुष्य की आवश्यकताओं की सन्तुष्टि न होकर लाभ की प्राप्ति अथवा पूँजी का संकेन्द्रण है" ?

(1) मैक्स वेबर
(2) कार्ल मार्क्स
(3) जॉर्ज सिमैल
(4) ब्रायन टर्नर

106. L. Elliott and D. Atkinson have described three interlocking elements of 'Market Ethos'. Out of the following which element is incorrect ?

(1) Market is an objective external reality against which all human activity can be judged.
(2) Conduct that accords with market criteria is considered to be more beneficial or advantageous.
(3) Market criteria are deemed to be artificial and likely to distort reality.
(4) The practices, structures, values and assumptions of organizations operate in accordance with the disciplines of the market.

106. एल. इलियट एवं डी. एटकिंसन ने 'बाज़ार इथॉस' के तीन अन्त:सम्बन्धित अवयवों की व्याख्या की है । निम्नलिखित में से कौन सा अवयव गलत है ?

(1) बाज़ार एक वस्तुपरक बाह्य यथार्थ है, जिसके अन्तर्गत समस्त मानव गतिविधियों का परीक्षण किया जा सकता है ।
(2) बाज़ार क्राइटेरिया में जितने कृत्य सम्पन्न होते हैं उन्हें अधिक लाभकारी एवं उन्नयन की दृष्टि से देखा जाता है ।
(3) बाज़ार क्राइटेरिया में बहुत कुछ कृत्रिम होता है जो यथार्थ को तोड़मरोड़ भी सकता है ।
(4) संगठनों के व्यवहार/प्रयास, संरचनाएँ, मूल्य एवं अनुमान बाज़ार के अनुशासनों के अन्तर्गत क्रियाशील होते हैं ।

107. C. Wright Mills has talked about the expansion of tertiary sector (the Service Sector) of the economy in advanced capitalist societies. Out of the following which concept has also been used by C.W. Mills for tertiary economy ?

(1) Education Market
(2) Knowledge Market
(3) Personality Market
(4) Intellectual Skill Market

107. सी. राइट मिल्स ने विकसित पूँजीवादी समाजों में अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र (सेवा क्षेत्र) के विस्तार के विषय में चर्चा की है । निम्नलिखित में किस अवधारणा को भी सी.डब्ल्यु मिल्स ने तृतीयक अर्थव्यवस्था के लिए प्रयुक्त किया है ?

(1) शिक्षा बाज़ार
(2) ज्ञान बाज़ार
(3) व्यक्तित्व बाज़ार
(4) बौद्धिक कौशल बाज़ार

108. In the discussion of 'Asiatic Mode of Production' Karl Marx describes four features as defining elements of Asiatic Society. Out of the following which feature is incorrect ?

(1) Village community
(2) Oriental despotism
(3) The combination of self-sustaining village and the irrigation providing and surplus appropriating state
(4) Feudal Society

108. 'उत्पादन के एशियाई साधन' की विवेचना में कार्ल मार्क्स ने एशियाई समाज के संदर्भ में चार परिभाषायी तत्त्वों का उल्लेख किया है । निम्नलिखित में से कौन सा तत्त्व गलत है ?

(1) ग्रामीण समुदाय
(2) प्राच्य स्वेच्छाचारिता (ऑरियण्टल डेस्पॉटिज्म)
(3) स्वावलंबी गाँव एवं सिंचाई उपलब्ध कराने और अधिशेष का उपयोग करने वाला ढाँचा (राज्य)
(4) सामन्ती समाज

**109.** The recent process of economic restructuring has been termed by Manuel Castells as :

(1) Liberal economy
(2) Post Fordist economy
(3) Recapitalization of capitalism
(4) Recapitalization of Net-work capitalism

**110.** Out of the following which book was published two hundred and fifty years ago (in the year 1776) ?

(1) On the principle of Political Economy and Taxation by David Ricardo
(2) Wealth of Nations by Adam Smith
(3) Principles of Political Economy by Thomas Malthus
(4) The German Ideology by Karl Marx

**111.** Out of the following which is not the competing function of the environment ?

(1) Living Space
(2) Supply Depot
(3) Waste Repository
(4) Public Controversies

**112.** 'The study of structure and change in sustenance organizations or resource groups which support human populations within dynamic and constraining environments' is known as

(1) Sociology of Environmental Policies
(2) Sociology of Natural Environment
(3) Sociology of Affluent Society
(4) Human Ecology

**113.** Out of the following which one can not be seen as crisis in terms of planetary systems that support life on the earth ?

(1) The Carbon Cycle
(2) Nitrogen from nature in fertilizers
(3) Ocean acidification
(4) Depletion of ozone in the atmosphere

**114.** Out of the following who is the author of 'Hot, Flat and Crowded' ?

(1) Thomas L. Friedman
(2) Colin Farrelly
(3) Joseph Stiglitz
(4) Geoff Dabelko

**109.** आर्थिक पुनर्रचना की हाल की प्रक्रिया को मैनुअल कैसल्स ने क्या संज्ञा दी है ?

(1) उदारवादी अर्थव्यवस्था
(2) उत्तर-फोर्डिस्ट अर्थव्यवस्था
(3) पूँजीवाद का पुनर्पूंजीकरण
(4) नेट-वर्क पूँजीवाद का पुनर्पूंजीकरण

**110.** निम्नलिखित में से किस पुस्तक का प्रकाशन दो सौ पचास वर्ष पूर्व (वर्ष 1776) में हुआ था ?

(1) ऑन द प्रिंसिपल ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एण्ड टैक्सेशन - लेखक-डेविड रिकार्डो
(2) वेल्थ ऑफ नेशन्स - लेखक-एडम स्मिथ
(3) प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी - लेखक-थॉमस माल्थस
(4) द जर्मन आयडियोलॉजी - लेखक-कार्ल मार्क्स

**111.** निम्नलिखित में से कौन पर्यावरण का प्रतिस्पर्धी प्रकार्य नहीं है ?

(1) आवास स्थान (लिविंग स्पेस)
(2) आपूर्ति डिपो (सप्लाई डिपो)
(3) अपशिष्ट संग्रह केन्द्र (वेस्ट रिपॉजिटरी)
(4) सार्वजनिक विवाद (पब्लिक कन्ट्रोवर्सिज)

**112.** 'जीविका / भरणपोषण संगठनों अथवा संसाधन समूहों में संरचना एवं परिवर्तन का अध्ययन जो मानव जनसंख्याओं को गत्यात्मक एवं बाधक पर्यावरणों के अन्दर सहायता करते हैं,' कहलाता है :

(1) पर्यावरणीय नीतियों का समाजशास्त्र
(2) प्राकृतिक पर्यावरण का समाजशास्त्र
(3) सम्पन्न समाज का समाजशास्त्र
(4) मानव पारिस्थितिकी

**113.** सौर मण्डलों, जो पृथ्वी पर जीवन को सहयोग करते हैं, में निम्नलिखित में से किसे संकट के रूप में नहीं देखा जा सकता है ?

(1) कार्बन चक्र
(2) खाद में प्रकृति से ग्रहण नाइट्रोजन
(3) महासागरीय अम्लीकरण
(4) वायुमंडल में ओज़ोन का ह्रास

**114.** निम्नलिखित में से कौन 'हॉट, फ्लैट एण्ड क्राउडेड' पुस्तक के लेखक हैं ?

(1) थॉमस एल. फ्राइडमैन
(2) कॉलिन फैराली
(3) जोज़फ स्टिग्लिट्ज
(4) ज्यॉफ डेबिल्को

**115.** Who has stated, 'Chemical, Nuclear and Genetic threats rearrange conventional hierarches of class, gender and geography ?

(1) Anthony Giddens
(2) Ulrich Beck
(3) Saskia Sassen
(4) John Urry

**116.** In which years 'The Panchayati Raj (Extension to Scheduled Areas) Act (PESA) and The Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act (FRA) were passed and enacted ?

(1) PESA in 1996 and FRA in 2006
(2) PESA in 2003 and FRA in 2006
(3) PESA in 1996 and FRA in 2009
(4) PESA in 2007 and FRA in 2008

**117.** In which state of India, 'Kashipur Movement' against mining companies was organised by Schedule Castes (Dalits) and Scheduled Tribes (Adivasis) ?

(1) Orissa (Odisha)
(2) Chhattisgarh
(3) Jharkhand
(4) West Bengal

**118.** Out of the following scholars who have studied 'Chipko Movement' and 'Narmada Bachao Andolan' respectively ?

(1) Harsh Sethi and Amita Baviskar
(2) Amita Baviskar and Harsh Sethi
(3) Ramchandra Guha and Harsh Sethi
(4) Ramchandra Guha and Amita Baviskar

**119.** Which act was replaced by 'The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Act-2013 (Came into force on 1 st January, 2014) ?

(1) (Colonial) National Land Acquisition Act - 1894
(2) National Land Acquisition Act - 1969
(3) (Colonial) National Land Acquisition and Rehabilitation Act - 1923
(4) National Land Acquisition Act - 1979

**115.** यह किनका मत है, 'रासायनिक, नाभिकीय (परमाणु) एवं आनुवंशिक (जैनेटिक) खतरों ने वर्ग, लिंग एवं भौगोलिक क्षेत्रों के परम्परागत संस्तरणों को पुनर्व्यवस्थित किया है ?'

(1) एन्थनी गिडिन्स
(2) अलरिच बैक
(3) सस्क्रिया सेसिन
(4) जॉन उरी

**116.** किन वर्षों में 'द पंचायती राज (एक्स्टेंशन टु शिड्यूल्ड एरियाज) एक्ट (पी ई एस ए) एवं द शिड्यूल्ड ट्राइब्स एण्ड अदर ट्रैडिशनल फॉरेस्ट डुअॅल्र्स (रिकग्निशन ऑफ फॉरेस्ट राइट्स) एक्ट (एफ आर ए)' पारित एवं अधिसूचित हुए ?

(1) पी ई एस ए 1996 में एवं एफ आर ए 2006 में
(2) पी ई एस ए 2003 में एवं एफ आर ए 2006 में
(3) पी ई एस ए 1996 में एवं एफ आर ए 2009 में
(4) पी ई एस ए 2007 में एवं एफ आर ए 2008 में

**117.** भारत के किस राज्य में खान (माइनिंग) कम्पनीज के विरुद्ध अनुसूचित जातियों (दलित) एवं अनुसूचित जनजातियों द्वारा 'काशीपुर आन्दोलन' संचालित हुआ ?

(1) उड़ीसा (ओडिशा)
(2) छत्तीसगढ़
(3) झारखंड
(4) पश्चिम बंगाल

**118.** निम्नलिखित विचारकों में से किन्होंने 'चिपको आन्दोलन' एवं 'नर्मदा बचाओ आन्दोलन' का क्रमश: अध्ययन किया ?

(1) हर्ष सेठी एवं अमिता बाविस्कर
(2) अमिता बाविस्कर एवं हर्ष सेठी
(3) रामचन्द्र गुहा एवं हर्ष सेठी
(4) रामचन्द्र गुहा एवं अमिता बाविस्कर

**119.** भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम - 2013 जो कि 1 जनवरी, 2014 को क्रियान्वित हुआ, किस अधिनियम को प्रतिस्थापित करता है ?

(1) (औपनिवेशिक) भूमि अधिग्रहण अधिनियम - 1894
(2) राष्ट्रीय भूमि अधिग्रहण अधिनियम - 1969
(3) (औपनिवेशिक) राष्ट्रीय भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम - 1923
(4) राष्ट्रीय भूमि अधिग्रहण अधिनियम - 1979

**120.** Out of the following which book is not written by Vandana Shiva ?

(1) Staying Alive : Women, Ecology and Development

(2) The Violence of the Green Revolution : Third World Agriculture, Ecology and Politics

(3) A Field of One's Own : Gender and Land Rights in South Asia.

(4) Close to Home : Women Reconnect Ecology, Health and Development

**121.** The boundaries between work and family in context of women are threatened by a range of factors. Out of the following which factor is not associated with the threat ?

(1) Work demands

(2) Child-care changes

(3) Changing children's preferences

(4) Co-ordination between division of labour amongst male & female members of family

**122.** On the basis of certain sample of society, George Peter Murdock in 'Social Structure' claims that family is a universal social institution. Out of the following which number of sample Murdock studied ?

(1) 200 societies

(2) 250 societies

(3) 300 societies

(4) 350 societies

**123.** By using functional perspective, George Peter Murdock describes four basic functions of family. Out of the following which function of family is incorrect ?

(1) Sexual function

(2) Reproductive function

(3) Cultural function

(4) Economic function

**120.** निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक का लेखन वन्दना शिवा ने नहीं किया है ?

(1) स्टेइंग एलाइव : वुमेन, इकोलॉजी एण्ड डेवलपमेण्ट

(2) द वायलेन्स ऑफ द ग्रीन रिवॉल्युशन : थर्ड वर्ल्ड एग्रीकल्चर, इकोलॉजी एण्ड पॉलिटिक्स

(3) ए फील्ड ऑफ वन्स् ओन : जेण्डर एण्ड लैण्ड राइट्स इन साउथ एशिया

(4) क्लोज टु होम : वुमेन रीकनेक्ट इकोलॉजी, हेल्थ एण्ड डेवलपमेण्ट

**121.** श्रम कार्य (वर्क) एवं परिवार के मध्य महिलाओं के संदर्भ में सीमाओं (बाउन्ड्रीज़) को अनेक कारकों से धमकी/चुनौती मिलती है । निम्नलिखित में से कौन सा कारक सीमाओं को दी जाने वाली चुनौती से सम्बद्ध नहीं है ?

(1) कार्य / श्रम की माँग

(2) बच्चों की देखभाल में बदलाव

(3) बच्चों की पसंद/वरीयताओं में बदलाव

(4) परिवार के पुरुष एवं महिला सदस्यों के मध्य श्रम विभाजन के मध्य समन्वय

**122.** समाज के निश्चित निदर्श के आधार पर जॉर्ज पीटर मरडॉक ने 'सोश्यल स्ट्रक्चर' में दावा किया कि परिवार एक सार्वभौमिक सामाजिक संस्था है । निम्नलिखित में से मरडॉक के द्वारा अध्ययन किये गये निदर्श की संख्या क्या थी ?

(1) 200 समाज (दो सौ समाज)

(2) 250 समाज (दो सौ पचास समाज)

(3) 300 समाज (तीन सौ समाज)

(4) 350 समाज (तीन सौ पचास समाज)

**123.** प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य का प्रयोग कर जॉर्ज पीटर मरडॉक ने परिवार के चार मूल प्रकार्यों की विवेचना की है । निम्नलिखित में परिवार का कौन सा प्रकार्य गलत है ?

(1) यौनिक प्रकार्य

(2) पुनरुत्पादन का प्रकार्य

(3) सांस्कृतिक प्रकार्य

(4) आर्थिक प्रकार्य

**124.** Out of the following which statement defines 'Denaturalization of Reproduction' ?

(1) Child rearing can take place at any time in adult life.
(2) Child rearing can take place with the choice of the husband even if wife is not willing.
(3) Family can exist only with children.
(4) Emotions are essential for long-term commitments.

**125.** Out of the following which one can not be accepted as one of the types of family ?

(1) Nuclear family
(2) Reconstituted family
(3) Single-parent family
(4) Live-in-relation based family

**126.** In Nuclear family system, Talcott Parsons describes the roles of male members and of female members. Out of the following which set of concepts is correct in this context in respective manner (that is male and female members respectively) ?

(1) Instrumental roles (females) Expressive roles (males)
(2) Instrumental roles (males) Expressive roles (females)
(3) Economic roles (males) Cultural roles (females)
(4) Coordinated roles (females) Formal roles (males)

**127.** Name that sociologist who on the basis of her study argues that in Gujarat and in Haryana majority of women accepts the outcome of the first pregnancy - whether a boy or a girl, however if first born child is daughter then upper caste women are pressurised to ensure that second and or the third child is boy.

(1) Tulsi Patel
(2) Maitrayee Chaudhari
(3) Leela Visaria
(4) Vibhuti Patel

**124.** निम्नलिखित में से कौन सा मत 'प्रजनन का अप्राकृतिककरण' को परिभाषित करता है ?

(1) बच्चे का पालन-पोषण वयस्क जीवन में कभी भी हो सकता है ।
(2) बच्चे का पालन-पोषण पति की इच्छा पर आधारित है भले ही पत्नी इच्छुक नहीं हो ।
(3) परिवार का अस्तित्व केवल बच्चों से है ।
(4) दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं के लिए भावनाओं का होना आवश्यक है ।

**125.** निम्नलिखित में किस एक को परिवार के प्रकार के रूप में स्वीकारा नहीं जा सकता है ?

(1) एकांकी परिवार
(2) पुनर्गठित परिवार
(3) एकल-अभिभावक परिवार
(4) लिव-इन-रिलेशन पर आधारित परिवार

**126.** एकांकी परिवार व्यवस्था में टालकट पार्सन्स ने पुरुष सदस्यों एवं महिला सदस्यों की भूमिका की विवेचना की है । निम्नलिखित में से कौन सा अवधारणाओं का समुच्चय क्रमश: पुरुष व महिला सदस्यों की भूमिका के संदर्भ में सही है ?

(1) कार्यमूलक भूमिकाएँ (महिला) एवं संवेगात्मक भूमिकाएँ (पुरुष)
(2) कार्यमूलक भूमिकाएँ (पुरुष) एवं संवेगात्मक भूमिकाएँ (महिला)
(3) आर्थिक भूमिकाएँ (पुरुष) सांस्कृतिक भूमिकाएँ (महिला)
(4) समन्वयकारी भूमिकाएँ (महिला) औपचारिक भूमिकाएँ (पुरुष)

**127.** उन समाजशास्त्री का नाम बताइये जिन्होंने अपने अध्ययन के आधार पर तर्क दिया कि गुजरात एवं हरियाणा में महिलाओं का बहुमत प्रथम गर्भ के परिणाम को - चाहे वह बालक है अथवा बालिका - स्वीकारता है परन्तु यदि प्रथम जन्म वाली सन्तान बालिका है तब उच्च जाति की महिलाओं पर दबाव डाला जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि दूसरा अथवा तीसरा बच्चा बालक है ।

(1) तुलसी पटेल
(2) मैत्रेयी चौधरी
(3) लीला विसारिया
(4) विभूति पटेल

**128.** Who stated during India's freedom struggle, 'Dowry is a corrupt social evil linked to the caste system. Women were (asked or) advised to refuse marriage to break the system of dowry and caste'. This statement was given in 1936 :

(1) Jawahar Lal Nehru
(2) Mahatma Gandhi
(3) B.R. Ambedkar
(4) Sarojini Naidu

**129.** The elementry unit of Kinship as defined by A.R. Radcliffe-Brown and elaborated by Meyer Fortes consists of three basic relationships. Out of the following which basic relationship is incorrect ?

(1) Relationship between spouses
(2) Relationship between grand parents and grand children
(3) Relationship between parents and children
(4) Relationship between siblings

**130.** Aileen Ross makes a distinction between four types of household composition. Out the following which type of household composition is incorrect ?

(1) The large joint family
(2) The small joint family
(3) The sub-joint family
(4) The nuclear family with dependents

**131.** Who has argued, 'Science is more a product of social evolution and social conditions, unlike technology which appears to be embedded in our biological nature' ?

(1) S.C. Dube
(2) B.D. Nag Chaudhari
(3) R.K. Merton
(4) Rajeshwar Prasad

**128.** भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के दौरान यह किसका मत था, 'दहेज एक भ्रष्ट सामाजिक बुराई है जो जाति व्यवस्था से जुड़ी है । महिलाओं को सलाह है कि वे दहेज एवं जाति की व्यवस्था को तोड़ने के लिए विवाह से इन्कार कर दे' ? यह मत सन् 1936 में दिया गया :

(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) महात्मा गांधी
(3) बी.आर. अम्बेडकर
(4) सरोजिनी नायडू

**129.** ए.आर. रैडक्लिफ-ब्राउन द्वारा परिभाषित नातेदारी की प्राथमिक इकाई एवं मायर फोर्टिस द्वारा विस्तारित विवेचन के अनुसार यह इकाई तीन मूलभूत सम्बन्धों से निर्मित होती है । निम्नलिखित में से कौन सा मूलभूत सम्बन्ध गलत है ?

(1) पति-पत्नी के मध्य सम्बन्ध
(2) दादा-दादी एवं पौत्र-पौत्रियों के मध्य सम्बन्ध
(3) माता-पिता एवं बच्चों के मध्य सम्बन्ध
(4) सहोदरों के मध्य सम्बन्ध

**130.** एलीन रॉस ने गृहस्थी संरचना के चार प्रकारों के मध्य अन्तर किया है । निम्नलिखित में से कौन सी गृहस्थी संरचना (हाउस होल्ड कम्पोज़िशन) गलत है ?

(1) वृहद संयुक्त परिवार
(2) लघु संयुक्त परिवार
(3) उप-संयुक्त परिवार
(4) आश्रितों के साथ एकांकी परिवार

**131.** यह किनका मत है, 'विज्ञान कहीं अधिक सामाजिक उद्विकास एवं सामाजिक स्थितियों का उत्पाद है यह प्रौद्योगिकी की तरह नहीं है जो हमारी जैवकीय प्रकृति के साथ जुड़कर अस्तित्व में आती है' ?

(1) एस.सी. दुबे
(2) बी.डी. नाग चौधरी
(3) आर.के. मर्टन
(4) राजेश्वर प्रसाद

**132.** Manuel Castells discusses three types of Social movements and identities in response to globalization of information flows and networks. Out of the following which social movement and identity is not found in Castell's ideas ?

(1) Legitimizing movements and identities
(2) Resistance movements and identities
(3) Subordination movements and identities
(4) Projects movements and identities

**132.** मैनुअल कैसल्स सूचना प्रवाह एवं नैटवर्क्स के वैश्वीकरण के प्रत्युत्तर में तीन सामाजिक आन्दोलनों एवं अस्मिताओं की विवेचना करते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक आन्दोलन एवं अस्मिता कैसल्स के विचारों का हिस्सा नहीं है ?

(1) वैधता प्रदान करने वाले आन्दोलन एवं अस्मिताएँ
(2) प्रतिरोध आन्दोलन एवं अस्मिताएँ
(3) अधीनस्थता आन्दोलन एवं अस्मिताएँ
(4) परियोजना आन्दोलन एवं अस्मिताएँ

**133.** The flowering of Indian Science and Mathamatics is associated with several scholars associated with Gupta period. Out of the following which scholar is not associated with Gupta period with Science and Mathematics ?

(1) Aryabhata in the fifth century C.E.
(2) Varahamihira in the sixth century C.E.
(3) Brahmagupta in the seventh century C.E.
(4) Srinivasa Ramanujam in the 1887-1920 C.E.

**133.** भारतीय विज्ञान एवं गणित का विकास का दौर गुप्त दौर से सम्बद्ध विभिन्न विद्वानों के साथ जुड़ा हुआ है। निम्नलिखित में से कौन सा विद्वान गुप्त दौर के विज्ञान एवं गणित से सम्बद्ध नहीं है ?

(1) पाँचवीं शताब्दी सी.ई. में आर्यभट्ट
(2) छठवीं शताब्दी सी.ई. में वराहमिहिर
(3) सातवीं शताब्दी सी.ई. में ब्रह्मगुप्त
(4) 1887-1920 सी.ई. में श्रीनिवास रामानुजम

**134.** India provides an astonishing variety of calendrical systems with respective histories that stretch over several thousand years. In 1952 under whose chairmanship 'The Official Calendar Reform Committee' was formed ?

(1) Meghnad Saha
(2) Homi J. Bhabha
(3) Vikram Sarabhai
(4) Shanti Swarup Bhatnagar

**134.** कलैण्डर की व्यवस्थाओं की भारत में आश्चर्यजनक विविधता उपलब्ध है जो हजारों वर्षों के इतिहास के क्रमश: रूपों में फैली है। सन् 1952 में किनकी अध्यक्षता में 'द ऑफिशियल कलैण्डर रिफार्म कमेटी' का गठन किया गया ?

(1) मेघनाद साहा
(2) होमी जे. भाभा
(3) विक्रम साराभाई
(4) शान्ति स्वरूप भटनागर

**135.** Who has stated, 'Science is an essentially anarchistic enterprise : Theoretical anarchism is more humanitarian and more likely to encourage progress than its law-and-order alternatives' ?

(1) John Stuart Mill
(2) Paul Feyerabend
(3) Niels Bohr
(4) Albert Einstein

**135.** यह किनका मत है, 'विज्ञान आवश्यक रूप से एक अराजकतावादी उद्यम है : सैद्धान्तिक अराजकतावाद कहीं अधिक मानवतावादी है तथा यह इसके नियम-एवं-व्यवस्था विकल्पों की तुलना में प्रगति को कहीं अधिक प्रोत्साहित करता है' ?

(1) जॉन स्टुअर्ट मिल
(2) पॉल फायरबैण्ड
(3) नील्स बोहर
(4) अल्बर्ट आइन्स्टीन

136. Within the institution of prison the central themes of Jeremy Bentham's 'Utopian Panopticon Project' gives rise to following consequences. Which consequence is incorrect here ?

(1) Surveillance and Observation
(2) Security and Knowledge
(3) Liberty and Individuality
(4) Isolation and Transparency

137. Out of the following which type of interaction is incorrect in the theory associated with the relation of media and modern society framed by John Thompson ?

(1) Face-to-face interaction
(2) Mediated interaction
(3) Mediated quasi-interaction
(4) Critical-Ideological-Impersonal interaction

138. Out of the following which statement conceptualises the process of 'Socialisation of Nature' ?

(1) Phenomena that used to be 'natural' or given in nature have now become social - they depend on our own social decisions.
(2) Phenomena that used to be 'social' or given in social have now become natural - they depend on our natural decisions.
(3) Phenomena that used to be cultural or given in culture have now become technological - they depend on our cultural experiences.
(4) Phenomena that used to be natural or given in nature have now become indegeneous technological - they depend on myths based experiences of us.

139. Who has commented, 'The activities of organised crime groups are becoming increasingly international in scope. The coordination of criminal activities across borders with the help of new information technologies is becoming a central feature of global economy' in the book 'End of Millennium' ?

(1) Erich Goode
(2) Robert Reiner
(3) Manuel Castells
(4) Ulrich Beck

136. जेल की संस्था के अन्तर्गत जर्मी बेन्थम के 'यूटोपियन पैनोप्टिकॉन प्रोजेक्ट' का केन्द्रीय विषय निम्नलिखित परिणामों को उत्पन्न करता है । इनमें से कौन सा परिणाम गलत है ?

(1) निगरानी एवं अवलोकन
(2) सुरक्षा एवं ज्ञान
(3) स्वतंत्रता एवं व्यक्तिवादिता
(4) पृथक्करण एवं पारदर्शिता

137. निम्नलिखित में से अन्त:क्रिया का कौन सा प्रकार, जॉन थॉम्पसन के मीडिया एवं आधुनिक समाज के मध्य सम्बन्धों से जुड़े सिद्धान्त में गलत है ?

(1) आमने-सामने की अन्त:क्रिया (फेस-टु-फेस)
(2) माध्यम आधारित अन्त:क्रिया (मीडिएटेड)
(3) माध्यम आधारित अर्द्ध- अन्त:क्रिया (क्वासाइ-इन्टरएक्शन)
(4) आलोचनात्मक-विचारधारायी - अवैयक्तिक अन्त:क्रिया

138. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'प्रकृति का समाजीकरण' को अवधारणात्मक रूप प्रदान करता है ?

(1) प्रघटनाएँ जिन्हें 'प्राकृतिक' कहते हैं अथवा प्रकृति का हिस्सा हैं अब सामाजिक हो गयी हैं - वे हमारे स्वयं के सामाजिक निर्णयों पर आधारित हैं ।
(2) प्रघटनाएँ जिन्हें सामाजिक कहते हैं अथवा सामाजिक का हिस्सा हैं अब प्राकृतिक हो गयी हैं - वे हमारे स्वयं के प्राकृतिक निर्णयों पर आधारित हैं ।
(3) प्रघटनाएँ जिन्हें सांस्कृतिक कहते हैं अथवा संस्कृति का हिस्सा हैं अब प्रौद्योगिकीय हो गयी हैं - वे हमारे स्वयं के सांस्कृतिक अनुभवों पर आधारित हैं ।
(4) प्रघटनाएँ जो प्राकृतिक हैं अथवा प्रकृति का हिस्सा हैं अब देशज प्रौद्योगिकीय हो गयी हैं - वे हमारे मिथक आधारित अनुभवों पर आधारित हैं ।

139. यह किनका मत है जो 'एण्ड ऑफ मिलेनियम' पुस्तक में है, 'संगठित अपराधी समूहों की गतिविधियाँ तेजी से अन्तर्राष्ट्रीय हुई हैं जहाँ तक इनके क्षेत्र का सवाल है । नवीन सूचना प्रौद्योगिकी जो एक केन्द्रीय तत्त्व बन गया है, की सहायता से आपराधिक गतिविधियों का समन्वय देशों की सीमाओं के परे चला गया है ?

(1) एरिक गुडे
(2) रॉबर्ट राइनर
(3) मैनुअल कैसल्स
(4) अलरिच बैक

**140.** Illegal interception of telecommunication systems means that eaves-dropping has become easier. This has implications ranging from 'Spouse-monitoring' to espionage. In the opinion of P.N. Grabosky and Russell Smith which type of crime it is :

(1) Industrial crime
(2) Business crime
(3) Cybercrime
(4) Corporate crime

**141.** Who has argued humans rely on shared symbols and understanding in their interaction with one another ?

(1) G.H. Mead
(2) Ralf Dahrendorf
(3) C. Wright Mills
(4) Robert K. Merton

**142.** Out of the following sociologists who has given the concept of 'Civil Religion' ?

(1) Peter L. Berger
(2) Robert Bellah
(3) T.N. Madan
(4) William McKinney

**143.** According to Maitrayee Chaudhari, Gender is a pervasive presence in contemporary Indian media and popular culture. There are three grounds upon which this visibility of gender rests. Out of the following which ground is incorrect ?.

(1) India's new economic policy
(2) The Indian Women's Movement
(3) The cultural contradiction between Rural Indian Women and Urban Indian Women
(4) The prominence and reach of media in contemporary India

**140.** दूरसंचार व्यवस्था प्रणाली का अवैध अवरोधन का अभिप्राय है कि गुप्त वार्ताओं को सुनना आसान हो गया है । इसका अन्त:निहित अर्थ है कि पति-पत्नी द्वारा वार्ताओं की निगरानी से लेकर जासूसी करने तक । पी.एन. ग्रेबोस्की एवं रसल स्मिथ के विचारों में यह किस प्रकार का अपराध है ?

(1) औद्योगिक अपराध
(2) बिजनेस अपराध
(3) साइबर अपराध
(4) कॉरपोरेट अपराध

**141.** यह किनका मत है कि मनुष्य एक दूसरे के साथ अपनी अन्त:क्रियाओं में सहभागी प्रतीकों एवं समझ पर भरोसा करता है ?

(1) जी.एच. मीड
(2) राल्फ डैहरनडार्फ
(3) सी.राइट मिल्स
(4) रॉबर्ट के. मर्टन

**142.** निम्नलिखित समाजशास्त्रियों में से किन्होंने 'सिविल रिलीजन' (नागरिक धर्म) की अवधारणा को प्रस्तुत किया है ?

(1) पीटर एल. बर्जर
(2) रॉबर्ट बेल्लाह
(3) टी.एन. मदान
(4) विलियम मैक्नी

**143.** मैत्रेयी चौधरी के अनुसार लिंग समकालीन भारतीय मीडिया एवं लोकप्रिय संस्कृति में एक सर्वव्यापी उपस्थिति का द्योतक है । ऐसे तीन आधार हैं जिन पर लिंग की दृश्यता (उपस्थिति) निर्भर करती है । निम्नलिखित में से कौन सा आधार गलत है ?

(1) भारत की नवीन आर्थिक नीति
(2) भारतीय महिला आन्दोलन
(3) ग्रामीण महिलाओं एवं नगरीय महिलाओं के मध्य सांस्कृतिक अन्त:विरोध
(4) समकालीन भारत में मीडिया की प्रमुखता एवं उसकी पहुँच

**144.** (a) Ancient Totem and Christian Cross which provide a focus of emotions and belief, on other hand the (b) animal sacrifice and the catholic mass which bring people together and bind them in shared experience are respective examples of

(1) Symbols and Rituals represented by (a) and (b)

(2) Rituals and Symbols represented by (a) and (b)

(3) Morality and Faith represented by (a) and (b).

(4) Faith and Morality represented by (a) and (b).

**144.** (a) प्राचीन टोटम एवं क्रिश्चियन क्रॉस जो भावना एवं विश्वास को केन्द्र में स्थापित करते हैं जबकि दूसरी तरफ (b) पशु बलि एवं कैथोलिक समूह जो लोगों को नजदीक लाते हैं एवं उन्हें सहभागी अनुभवों में बाँधते हैं, क्रमश: उदाहरण हैं :

(1) प्रतीक एवं अनुष्ठान –(a) एवं (b) द्वारा प्रतिनिधित्व

(2) अनुष्ठान एवं प्रतीक – (a) एवं (b) द्वारा प्रतिनिधित्व

(3) नैतिकता एवं आस्था – (a) एवं (b) द्वारा प्रतिनिधित्व

(4) आस्था एवं नैतिकता – (a) एवं (b) द्वारा प्रतिनिधित्व

**145.** Out of the following who has authored, 'The Furies of Indian Communalism : Religion, Modernity and Secularization' :

(1) Aijaz Ahmed

(2) Tanika Sarkar

(3) Achin Vanaik

(4) Sumit Sarkar

**145.** निम्नलिखित में से किन्होंने 'द फ्युरीज़ ऑफ इण्डियन कम्युनलिज्म : रिलीजन, माडर्निटी एण्ड सैक्युलराइजेशन' पुस्तक का लेखन किया है ?

(1) एजाज अहमद

(2) तनिका सरकार

(3) अचिन वानिक

(4) सुमित सरकार

**146.** Economic restructuring process, on the surface has created a 'type' of society according to Manuel Castells in which there is a relatively privileged 'core labour force' and a substantial and growing disposable labour force'. What is the name of that type of society ?

(1) Conflicting society

(2) Dual society

(3) Antagonistic society

(4) Flexible society

**146.** आर्थिक पुनर्संरचना प्रक्रिया ने धरातल पर समाज के एक प्रकार को मैनुअल कैसिल्स के अनुसार सृजित किया है, इस समाज में सापेक्षिक रूप से एक तरफ विशेषाधिकार प्राप्त 'कोर श्रम शक्ति' है और साथ ही बड़ी संख्या में विस्तार ले रही 'प्रयोज्य / अस्थायी श्रम शक्ति' है । इस प्रकार के समाज का क्या नाम है ?

(1) संघर्षशील समाज (कन्फ्लिक्टिंग सोसायटी)

(2) द्वंद्व समाज (डुअल सोसायटी)

(3) अन्त:विरोधी समाज (एण्टागोनिस्टिक सोसायटी)

(4) लचीला समाज (फिलेक्जिबल सोसायटी)

**147.** Who has argued, 'As the nature of work and production has been transformed and consumption has become a markedly more prominent feature of contemporary social life, it has been found that an 'aesthetics of consumption' now rules where the work ethic once ruled' ?

(1) Naomi Klein

(2) Daniel Bell

(3) Michel Foucault

(4) Zygmunt Bauman

**147.** यह किनका मत है, 'जैसे-जैसे कार्य एवं उत्पादन की प्रकृति में रूपान्तरण हो रहा है और उपभोग स्पष्ट रूप से समकालीन सामाजिक जीवन की महत्त्वपूर्ण विशेषता हो गयी है, यह पाया गया है कि जहाँ पहले कार्य नैतिकता (वर्क इथिक) का वर्चस्व था अब 'उपभोग का सौन्दर्यशास्त्र' का वर्चस्व है' ?

(1) नामोइ क्लिन

(2) डेनियल बेल

(3) माइकल फोको

(4) ज्युगमान्ट बाउमन

**148.** Who has stated that ethics is a secondary reflection on moral values, beliefs and practices while morality is a first-order set of beliefs and practices concerning values which have been developed, codified and accepted by a given society ?

(1) Joanna Zylinsky
(2) Wendy Brown
(3) Raymond Williams
(4) Antonio Gramsci

**148.** यह किनका मत है कि आचार-शास्त्र (इथिक्स) नैतिक मूल्यों, विश्वासों एवं व्यवहार (प्रैक्टिस) पर द्वैतीयक प्रत्यावर्तन है जबकि नैतिकता एक प्रथम-निर्देशित (फर्स्ट-ऑर्डर) समुच्चय है जिसमें विश्वास एवं व्यवहार जो मूल्यों से सम्बन्धित है और जिन्हें दिये हुए समाज ने विकसित, संहिताबद्ध एवं स्वीकृत किया है ?

(1) जोना जिलिन्सकी
(2) वेन्डी ब्राउन
(3) रैमन्ड विलियम्स
(4) एन्टोनियो ग्रामशी

**149.** In the ideas of Max Weber in which religious ethic, the origin of capitalist spirit developed primarily ?

(1) Calvinism
(2) Catholic sets of thought of monastic isolation
(3) Lutheranism
(4) Traditionalism

**149.** मैक्स वेबर के विचारों में मुख्य रूप से कौन सी धार्मिक आचार संहिता (रिलीजियस इथिक) पूँजीवादी स्प्रिट की उत्पत्ति के विकास के साथ जुड़ी है ?

(1) कैल्विनवाद
(2) कैथोलिक विचार प्रणाली में मठवासी एकांतवास
(3) लुथेरियनवाद
(4) पारम्परिकतावाद

**150.** In the field of Indian Sociology, we encounter two opposite ideological perspectives on communalism. Out of the following which set of sociologists represent that ideological opposition ?

(1) M.N. Srinivas vs. G.S. Ghurye
(2) G.S. Ghurye vs. Radhakamal Mukerjee
(3) G.S. Ghurye vs. D.P. Mukerji
(4) G.S.Ghurye vs. D.N. Majumdar

**150.** भारतीय समाजशास्त्र के क्षेत्र में हमारा सामना साम्प्रदायिकता के विषय में दो विपरीत विचारधारायी परिप्रेक्ष्यों से होता है । निम्नलिखित में से समाजशास्त्रियों का कौन सा समुच्चय उस विचारधारायी विपरीतता का प्रतिनिधित्व करता है ?

(1) एम.एन. श्रीनिवास बनाम् जी.एस. घुर्ये
(2) जी.एस. घुर्ये बनाम् राधाकमल मुकर्जी
(3) जी.एस. घुर्ये बनाम् डी.पी. मुकर्जी
(4) जी.एस. घुर्ये बनाम् डी.एन. मजूमदार

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह